भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2577
सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सेवा प्रदाताओं की क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना

†2577. डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले:
श्री प्रवीण पटेल:
श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री पी. पी. चौधरी:
श्री विजय कुमार दूबे:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
श्री सतीश कुमार गौतम:
डॉ. विनोद कुमार बिंद:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सेवा प्रदाताओं की क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के अंतर्गत उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है और देश में स्थानीय समुदायों, महिलाओं और जनजातीय समूहों पर बल देते हुए पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषकर राजस्थान के पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के संदर्भ में ब्यौरा क्या है;

(ख) पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी पहलों के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है, कितने सेवा प्रदाताओं को प्रमाणित किया गया है और वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए "हुनर से रोजगार तक" कार्यक्रम के परिणाम क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने आतिथ्य संस्थानों और उद्योग के हितधारकों के साथ साझेदारियां स्थापित की हैं और प्रशिक्षित लाभार्थियों के बीच रोजगार सृजन दर का आकलन किया है;

(घ) यदि हां, तो विशेषकर महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और क्या जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में सीबीएसपी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं या प्रस्तावित हैं; और

(ङ) क्या सरकार का सीबीएसपी के दायरे को अतिरिक्त पर्यटन स्थलों तक विस्तारित करने और वित्तपोषण, पाठ्यक्रम और नियोजन सहायता में वृद्धि करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" नामक अपनी योजना के तहत देश भर में महिलाओं एवं पुरुषों, स्थानीय समुदायों, जनजातीय क्षेत्रों आदि के प्रशिक्षुओं

के कौशल, कौशल उन्नयन और पुनः कौशल के लिए आतिथ्य एवं पर्यटन से संबंधित अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम संचालित करता है। यह योजना राजस्थान और महाराष्ट्र सहित देश भर में भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान, खाद्य शिल्प संस्थान, भारतीय पाक कला संस्थान आदि सहित अन्य सरकारी संस्थानों और सूचीबद्ध निजी संस्थानों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2025 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के माध्यम से इस योजना का एक तृतीय पक्ष मूल्यांकन कराया है। मूल्यांकन से इस बात की पुष्टि होती है कि सीबीएसपी योजना ने वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक 1.68 लाख से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित करके और कई क्षेत्रों में 36,000 से अधिक लोगों को कार्य का अवसर देकर भारत के पर्यटन और आतिथ्य कार्यबल को काफी मजबूत किया है।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2024 के दौरान पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी के नाम से एक राष्ट्रीय उत्तरदायी पर्यटन पहल शुरू की। इसके तहत स्थानीय सेवा प्रदाताओं, जैसे - कैब चालकों, ऑटो चालकों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, बस स्टेशनों के कर्मचारियों, होटल कर्मचारियों, रेस्तरां कर्मचारियों, होमस्टे मालिकों, टूर गाइड, पुलिस कर्मियों, फुटपाथ पर सामान बेचने वालों, दुकानदारों, छात्रों आदि सहित महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण मूल रूप से पर्यटन के महत्व, सामान्य स्वच्छता, सुरक्षा, स्थायित्व और पर्यटकों को आतिथ्य और देखभाल के उच्चतम मानकों को प्रदान करने के बारे में जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है। इस पहल के तहत लगभग 4382 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है।

पाठ्यक्रम का विस्तार/संशोधन करके, समग्र पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उद्योग की आवश्यकता के अनुसार पर्यटन स्थलों को जोड़कर और स्थानीय समुदायों के विकास को सतत बनाए रखने के लिए सीबीएसपी योजना के कवरेज को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले 3 वर्षों के दौरान महाराष्ट्र और राजस्थान राज्यों सहित सीबीएसपी योजना के तहत वित्त पोषण पैटर्न, आयोजित प्रशिक्षणों और प्रशिक्षुओं के विवरण को दर्शाने से संबंधित ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, आतिथ्य, सेवा और देखभाल के उच्चतम मानक वाले पेशेवर तैयार करने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, 21 केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और 8 प्रमुख आतिथ्य समूहों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। इन समूहों में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड, आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, मैरियट होटल्स, ललित होटल ग्रुप, आईटीडीसी ग्रुप ऑफ होटल्स, लेमन ट्री होटल्स, एपीजे सुरेंदर पार्क होटल्स और रैडिसन होटल समूह शामिल थे।

*****

अनुबंध

डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले, श्री प्रवीण पटेल, श्रीमती स्मिता उदय वाघ, श्री पी. पी. चौधरी, श्री विजय कुमार दूबे, श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी, श्री सतीश कुमार गौतम और डॉ. विनोद कुमार बिंद द्वारा सेवा प्रदाताओं की क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2577 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक (28 फरवरी 2026 तक) सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के तहत प्रशिक्षित और तैनात प्रशिक्षुओं का विवरण।

वित्तीय वर्ष	**वार्षिक बजट (ब.अ) (करोड़ रु. में)**	**प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या**	**तैनात व्यक्तियों की संख्या**
2023-24	35.00	24153	4584
2024-25	34.05	89801	25158*
2025-26	25.00	570*	17*

* अनंतिम

स्रोत: पर्यटन मंत्रालय

*****